कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः-न-5(7)पु.फो./उ.नि.भर्ती/2020/ 2169 दिनांकः-21/10/2020

विज्ञप्ति

उप निरीक्षक पुलिस संयुक्त भर्ती परीक्षा 2016 की लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरान्त सफल घोषित अभ्यर्थियों की राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर से मेरिट सूची प्राप्त होने पर विज्ञापित पदों के अनुसार अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज, सत्यापन हेतु दिनांक 26.10.2020 से 30.10.2020 तक भर्ती बोर्ड, पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर में जमा किये जाने है। आयोग, द्वारा जिन अभ्यर्थियों का परिणाम प्रोविजनल जारी किया है एवं जिनका परिणाम रोका गया है, उनकी स्थिति स्पष्ट होने पर उक्त चयन में परिवर्तन होना अपेक्षित है तथा माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है।

अतः चयनित अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक दस्तावेज (दसवी, स्नातक), मूल निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र तथा संतान संबंधी घोषणा पत्र तथा अटैस्टेशन फार्म की पूर्ति एवं प्रमाणित कर निर्धारित तिथि को भर्ती बोर्ड, पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर के कमरा न0-.625....में जमा करवाऐं। अभ्यर्थियों को उक्त प्रयोजनार्थ अलग से पत्र जारी नही किया जायेगा। अभ्यर्थीगण से अपेक्षा की जाती है कि दस्तावेज जमा करवाते समय सरकार द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जावे।

संलग्नः- 1. निर्धारित प्रोग्राम।
2. अटैस्टेशन फार्म।

21/10/20

(ममता गुप्ता)
पुलिस अधीक्षक
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान, जयपुर।